(T) Roll No. ......................

# ID—2177

## B. A. (Pass Course)

## EXAMINATION, 2022

(Third Semester)

HINDI (Compulsory)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 80*

Before answering the question-paper candidates should ensure that they have been supplied to correct and complete question-paper. No complaint. in this regard, will be entertained after the examination.

**नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6×2=12

(क) नीले कंजों सदृश उनके गात की श्यामलता है ।
पीला प्यारा वसन कटी में पैन्हते हैं छबीला ।
छूटी काली अलख मुख की कांति को है बढ़ाती ।
सद्वस्त्रों में नवल तन की फूटती-सी प्रभा है ।



(ख) पाकर तुम्हें फिर और कुछ पाना नहीं रहता शेष है;
पाता न जब तक जीवित तुमको भटकता ये विशेष है ।
जो जन तुम्हारे पद कमल के असल मधु को जानते ।
वे मुक्ति को भी कर अनिच्छा कुछ उसको मानते ।।

(ग) उसके मधु सुहाग का दर्पण
जिसमें देखा था उसने
बस एक बार बिम्बित अपना जीवन धन
अबल हाथों का एक सहारा
लक्ष्य जीवन का प्यारा वह ध्रुव तारा
दूर हुआ वह बहा रहा है
उस अनंत पथ से करुणा की धारा ।

(घ) विस्तृत नभ का कोई कोना
मेरा न कभी अपना होना
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली ।

2. जयशंकर प्रसाद **अथवा** महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय दीजिए । 8



3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में दीजिए : 4×4=16

(क) 'संदेश यहाँ मैं नहीं स्वर्ग का लाया' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'आँसू' काव्य में विरह वेदना अभिव्यक्त हुई है । समीक्षा कीजिए ।

(ग) 'जागो फिर एक बार' कविता की राष्ट्रीय चेतना को स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'कुरुक्षेत्र' खंडकाव्य में भीष्म पितामह के चरित्र का वर्णन कीजिए ।

(ङ) भारत भूषण अग्रवाल की काव्यभाषा की समीक्षा कीजिए ।

(च) 'पवनदूती' काव्य का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए : 8×2=16

(क) रीतिकालीन हिंदी कविता की पृष्ठभूमि पर विचार कीजिए ।

(ख) रीतिमुक्त काव्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।



(ग) रीतिकाल में काव्यशास्त्रीय उपलब्धियों का वर्णन कीजिए ।

(घ) रीतिबद्ध काव्यधारा के कवियों का उल्लेख करते हुए उनकी विशेषताएँ बताइए ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में दीजिए : 5×2=10

(क) रीतिमुक्त काव्यधारा के अंतर्गत प्रेम काव्यधारा के किसी **एक** कवि का परिचय लिखिए ।

(ख) रीतिकाल के लिए शृंगारकाल नाम की समीक्षा कीजिए ।

(ग) लक्षण ग्रंथ क्या होते हैं ? रीतिकालीन लक्षण ग्रंथकारों का परिचय दीजिए ।

(घ) घनानंद की प्रेम व्यंजना की विशेषताएँ बताइए ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) इंटरनेट का स्वरूप निर्धारित करते हुए उसकी उपयोगिता सिद्ध कीजिए ।

(ख) अनुवाद की परिभाषा देते हुए यांत्रिक अनुवाद के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।

(ग) ई-मेल अकाउंट किस तरह से बनाया जाता है ? सविस्तार उल्लेख कीजिए ।

(घ) कम्प्यूटर में कंट्रोल यूनिट तथा कुंजीपटल के बारे में सविस्तार बताइए ।

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : **8×1=8**

(क) अयोध्यासिंह उपाध्याय का जन्म कब हुआ ?

(ख) राष्ट्रकवि के नाम से किसे जाना जाता है ?

(ग) 'भारत भारती' कितने खंडों में विभक्त है ?

(घ) 'कामायनी' में मानव किसका पुत्र है ?

(ङ) 'विधवा' कविता में कौनसा रस है ?

(च) 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा गया है ?

(छ) स्रोत भाषा किसे कहते हैं ?

(ज) सॉफ्टवेयर किसे कहते हैं ?